अध्याय – 10 | शून्य के दसरी ओर

QUIZ PART-15

1. भौगोलिक प्रतिच्छेद में समुद्र तल को किस संख्या से दर्शाया गया है?
   A. –500 B. 0
   C. +500 D. +1000 (B)

व्याख्या : ग्राफ में समुद्र तल को 0 मीटर माना गया है। इसके ऊपर की ऊँचाइयाँ धनात्मक और नीचे की ऊँचाइयाँ ऋणात्मक हैं।

2. ग्राफ में सबसे अधिक ऊँचाई पर स्थित बिंदु कौन-सा है?
   A. A
   B. C
   C. D
   D. E (A)

व्याख्या : बिंदु A ग्राफ में अन्य सभी बिंदुओं से ऊपर स्थित है। इसलिए उसकी ऊँचाई सबसे अधिक है।

3. ग्राफ में सबसे कम ऊँचाई पर स्थित बिंदु कौन-सा है?
   A. B
   B. D
   C. F
   D. G (B)

व्याख्या : बिंदु D समुद्र तल से सबसे अधिक नीचे स्थित है। इसलिए वह सबसे निम्नतम बिंदु है।

4. निम्नलिखित में से कौन-सा बिंदु समुद्र तल के ठीक नीचे स्थित है?
   A. A
   B. C
   C. F
   D. E (C)

व्याख्या : बिंदु F समुद्र तल की 0 रेखा से नीचे है, इसलिए उसकी ऊँचाई ऋणात्मक है।

5. निम्नलिखित में से कौन-सा बिंदु समुद्र तल से ऊपर स्थित है?
   A. B
   B. D
   C. F
   D. C (D)

व्याख्या : बिंदु C समुद्र तल की 0 रेखा से ऊपर है। इसलिए उसकी ऊँचाई धनात्मक है।

6. बिंदु A और E में से किसकी ऊँचाई अधिक है?
   A. A
   B. E
   C. दोनों समान
   D. निर्धारित नहीं कर सकते (A)

व्याख्या : ग्राफ में बिंदु A, बिंदु E से ऊपर स्थित है। इसलिए A की ऊँचाई अधिक है।

7. बिंदु B और F में से कौन-सा बिंदु अधिक ऊँचाई पर है?
   A. B B. F
   C. दोनों समान D. D (B)

व्याख्या : दोनों बिंदु समुद्र तल से नीचे हैं, लेकिन F शून्य के अधिक निकट है। इसलिए F की ऊँचाई B से अधिक है।

8. निम्नलिखित में से कौन-सा क्रम ऊँचाई के घटते क्रम को दर्शाता है?
   A. A, E, C, G B. G, C, E, A
   C. E, A, G, C D. C, A, E, G (A)

व्याख्या : ग्राफ के अनुसार A सबसे ऊपर है, उसके बाद E, फिर C और उसके बाद G स्थित है।

9. निम्नलिखित में से कौन-सा क्रम ऊँचाई के बढ़ते क्रम को दर्शाता है?
   A. A, E, C, G
   B. D, B, F, G
   C. G, F, B, D
   D. B, D, G, F (B)

व्याख्या : D सबसे नीचे है। इसके बाद B, फिर F और उसके बाद G स्थित है। इसलिए यह आरोही क्रम है।

10. समुद्र तल से नीचे स्थित बिंदुओं की ऊँचाइयाँ किस प्रकार की संख्याओं से दर्शाई जाती हैं?
    A. धनात्मक संख्याओं से
    B. केवल शून्य से
    C. ऋणात्मक संख्याओं से
    D. प्राकृतिक संख्याओं से (C)

व्याख्या : समुद्र तल से नीचे की ऊँचाइयाँ ऋणात्मक संख्याओं द्वारा दिखाई जाती हैं, जबकि समुद्र तल से ऊपर की ऊँचाइयाँ धनात्मक होती हैं।

DESH KA APNA SCHOOL